**Q.P. Code 00001909**

**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं ।)**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**
**२. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक / उप प्रश्न क्रमांक संख्या अवश्य लिखिए |**
**३. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए | (२४)**

**(क)** "क्या करे मैडम! दाढ़ी मूँछ क्या, अपुन का बस चले तो अपना नाम भी बदल दें | क्या रखा है नाम और मजहब में | मजहब के नाम पर दोन जून की रोटी भी नहीं मिलती |"

**अथवा**

"एक मरतबा उलटवाने कारण ऊपर वाली जेब बायी से दाहिनी ओर आ गई थी, जिसमे फाउण्टेन पेननुमा मोटी पेन्सिल हर वक्त लगी रहती और एक छोटी सी निहायत गन्दी डायरी पड़ी रहती थी|"

**(ख)** "अपनी अनुभूति को महाकवि की अनुभूति से मिलते देखकर ह्रदय गर्व से भर गया |"

**अथवा**

"'संस्कृत भाषा कूपजल' का संबंध भाषा, साहित्य से है ही नहीं यह वाक्यांश पुरोहित तंत्र के खिलाप ढेलेबाजी भर है | जिसका प्रतीक थी संस्कृत भाषा |"

**प्रश्न २. निम्नलिखित दिर्घोत्तरी प्रश्नो के उत्तर लिखिए | (३०)**

(ग) 'डाची' कहानी में उपेन्द्रनाथ अश्क जी बाकर के माध्यम से समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? विस्तार से लिखिए |

अथवा

'टेपचू' कहानी में निहित परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डालिए |

**(घ)** 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी में लेखक की व्यक्त भावना को स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'आज के अतीत' नामक आत्मकथ्य का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए | (१५)**

**(च)** 'कर्मनाशा की हार' कहानी में लेखक ने किन समस्याओं की और हमारा ध्यान आकर्षित किया है | विस्तार से स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'जैसे उनके दिन फिरे' व्यंग्य कथात्मक शैली में लिखी हुई व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी की उत्कृष्ट रचना है | कैसे? स्पष्ट कीजिए |



X0279Y9310F6X0279Y9310F6X0279Y9310F6X0279Y9310F6

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए | (१६)**

**(प)** 'परदा' कहानी की कथावस्तु |

**अथवा**

'प्रतिशोध' में देशकाल-वातावरण और परिस्थितियाँ |

**(फ)** 'सरहद के उस पार' में नेपाल का प्राकृतिक सौंदर्य |

**अथवा**

स्वार्थी लोगों की प्रवृत्ति |

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | (१५)**

१. 'भेड़िये' कहानी में किस प्रवृत्ति को दर्शाया गया हैं?
२. 'भेड़िये' कहानी में चित्रित नटनियों की उम्र कितनी थी?
३. पंजाबी खान का पूरा नाम क्या था?
४. किस कहानी में 'मड़र' गाँव का चित्रण किया गया है?
५. कासेल गाँव की आदिवासी हरिजन बस्ती में भीषण आग लगने से किसका हृदय काँप उठा?
६. 'उत्कर्ष काल' का समय कब से माना जाता है?
७. पीरबख्श को किससे कर्ज मिलता है?
८. 'काला शुक्रवार' कहानी में हिंदू-मुस्लिम के दंगें कितने तारीख से शुरू हुए?
९. भुवनेश्वर जी का जन्म कब हुआ?
१०. किसके घर पर बच्चा बीमार था?
११. भाषा को अकारण कैसा नहीं बनाना चाहिए?
१२. तमस पर फिल्म कौन बना रहा था?
१३. नेपाल भाषा में किस क्रांति का अनुवाद किया गया?
१४. राजा के तीसरे बेटे ने कौन सा आश्रम खोला था?
१५. शंकर लेखक के परिवार में सबसे अधिक स्नेह किससे करता है?

****



X0279Y9310F6X0279Y9310F6X0279Y9310F6X0279Y9310F6